Need to expedite completion of North Koel Dam Project in Latehar district, Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :** सभापति महोदया, धन्यवाद । मैं अपने संसदीय क्षेत्र पलामू के अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । झारखण्ड राज्य के लातेहार जिले में उत्तरी कोयल परियोजना स्थित है । इस परियोजना के अंतर्गत पलामू प्रमण्डल के तीनों जिले डाल्टनगंज, गढ़वा और लातेहार के साथ-साथ बिहार राज्य के गया तथा औरंगाबाद जिले भी सम्मिलित हैं । इस योजना में इन जिलों की कुल 1 लाख 11 हजार 524 हेक्टेयर जमीन को सिंचित करने की परिकल्पना की गई है । इसके साथ ही साथ लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना और उद्योग-धन्धों को भी आवश्यक पानी मुहैया कराना इस योजना के अंतर्गत शामिल है । जब देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने वर्ष 2014 में सत्ता संभाली, उसके बाद उन्होंने इस परियोजना के महत्व को देखते हुए 1627.27 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की । उन्होंने पलामू जाकर इस परियोजना की आधारशिला भी रखी, लेकिन डूब क्षेत्र के लोगों को मुआवजे की राशि न मिलने से इस परियोजना का कार्य अधूरा रहा । भारत सरकार ने हाल ही में 4 अक्टूबर, 2023 को मुआवजे की राशि भी स्वीकृत कर दी है और यह राशि राज्य सरकार को भी मिल गई है, लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार के द्वारा इस परियोजना को पूरा करने की ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।

माननीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा इसका संज्ञान लिया जाना चाहिए और इस कार्य को पूरा कराना चाहिए ।